# NCRES

## NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.&I.T.F.
Central Office : 464-AB, Nawab Yusuf Road, Prayagraj (U.P.)
Website : www.ncresindia.org | E-mail : rpsinghncr@gmail.com

**R. P. Singh**
*Gen. Secretary*
*&*
*Treasurer-NFIR*

Resi. 273-A, Nyay Vihar Colony
Sulem Sarai, Prayagraj - 211011
P&T (O) 0532-2560480, (R) 2972645

No : 158/NCRES/71/24

Date : 29.7.2024

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषयः— आगरा फोर्ट से उदयपुर के बीच दिनांक 1 सितम्बर 2024 से प्रस्तावित 20981/20982 वन्दे भारत एक्सप्रेस को आगरा मण्डल के एल.पी., ट्रेन मैनेजर एवं टिकट चेकिंग स्टाफ से संचालन कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में अवगत कराना है कि दिनांक 1 सितम्बर 2024 से आगरा फोर्ट एवं उदयपुर के मध्य 20981/20982 वन्दे भारत ट्रेन का संचालन प्रस्तावित है एवं अभी इस बात पर निर्णय नही हुआ है कि उक्त ट्रेन पर किस मण्डल के एल. पी., ट्रेन मैनेजर एवं टिकट चेकिंग स्टाफ कार्य करेंगें।

यहां पर यह कहना अति महत्वपूर्ण है कि वर्तमान में कोटा मण्डल (WCR) आगरा मण्डल में 3300 किमी. प्रतिदिन अतिरिक्त अर्जित कर रहा है। इसके अतिरिक्त पूर्व में भी आगरा मण्डल के ट्रेन मैनेजर को हजरत निजामुद्दीन से झांसी तक कार्य करने हेतु 20171/20172 वन्दे भारत मिली थी परन्तु बाद में उसे दिल्ली मंडल को दे दिया गया जिससे आगरा मण्डल के कर्मचारियों में भारी रोष है।

अतः आपसे अनुरोध है कि दिनांक 1.9.2024 से प्रस्तावित उदयपुर–आगरा फोर्ट 20981/20982 वन्दे भारत का संचालन आगरा मण्डल के एल.पी., ट्रेन मैनेजर एवं टिकट चेकिंग स्टाफ से कराने हेतु उचित कार्यवाही करने एवं पत्र की प्रतिलिपि NCRES को उपलब्ध कराने के लिये उचित आदेश करने का कष्ट करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि : (1) प्रधान मुख्य विद्युत ईंजीनियर, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज
(2) प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज
(3) प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज